भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं 671
25 जुलाई, 2025 को उत्तरार्थ

विषय- एमएसपी के अंतर्गत फसलों के कवरेज का विस्तार
671 श्री संदोष कुमार पी

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) 31 मार्च, 2025 तक न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) योजना के अंतर्गत आने वाली खाद्य फसलों और नकदी फसलों की सूची क्या है;

(ख) क्या सरकार एमएसपी के अंतर्गत आने वाली फसलों की मौजूदा सूची का विस्तार करके उसमें और अधिक फसलें शामिल करने की योजना बना रही है;

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी फसलों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या केरल के किसानों की लगातार मांगों को देखते हुए सरकार की रबर, इलायची, चाय और कॉफी को एमएसपी समर्थन के अंतर्गत शामिल करने की कोई योजना है;

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क): दिनांक 31 मार्च, 2025 तक न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) व्यवस्था के अंतर्गत शामिल 22 अधिदेशित कृषि फसलों की सूची में 14 खरीफ फसलें नामत: धान, ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी, तुअर, (अरहर), मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी, तिल, रामतिल तथा कपास और 6 रबी फसलें नामतः गेहूं, जौ, चना, मसूर (लेंटिल), रेपसीड और सरसों, कुसुम और दो वाणिज्यिक फसलें नामत: जूट और खोपरा शामिल हैं।

(ख) से (च): फिलहाल, एमएसपी के अंतर्गत और अधिक फसलों को शामिल करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। एमएसपी के दायरे में फसलों को शामिल करना कई कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें अपेक्षाकृत लंबी शेल्फ लाइफ, गैर-नाशवान, व्यापक रूप से उगाई जाने वाली, बड़े पैमाने पर खपत की वस्तु, खाद्य सुरक्षा के लिए आवश्यक आदि शामिल हैं।

*****